## अभ्यास Exercise

### पाठ-बोध

**1. प्रश्नों के उत्तर दें—**

- **मौखिक** *(Oral)*

i) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्म तमिलनाडु में हुआ था।

ii) प्रतिवर्ष राम-सीता का विवाह तालाब के बीचोंबीच रामतीर्थ में रचाया जाता था।

iii) रामानंद शिवमंदिर के पुजारी लक्ष्मण शास्त्री का बेटा था।

iv) शिव सुब्रह्मण्य अय्यर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को बहुत पसंद करते थे।

- **लिखित** *(Written)*

i) पाठ में ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की आत्मकथा का एक अंश दिया गया है।

ii) रामेश्वरम शिव मंदिर के कारण पूरे देश में प्रसिद्ध है।

iii) कलाम के बचपन में तीन दोस्त थे— रामानंद, अरविंदन और शिवप्रकाशन। रामानंद शिवमंदिर के पुजारी लक्ष्मण शास्त्री का बेटा था। बड़े होने पर वह स्वयं भी पुजारी बना। अरविंदन ने तीर्थयात्रियों को घुमाने के लिए टेंपो चलाने का कारोबार किया और शिवप्रकाशन दक्षिण रेलवे में खान-पान का ठेकेदार हो गया।

iv) शिव सुब्रह्मण्य अय्यर कलाम से कहा करते थे— "कलाम, मैं तुम्हें ऐसा बनाना चाहता हूँ कि तुम देश-विदेश में उच्च शिक्षित व्यक्ति के रूप में पहचाने जाओ।"

v) पक्षियों को उड़ता देख कलाम ने निश्चय किया कि एक दिन मैं भी आकाश में ऐसी ही उड़ानें भरूँगा।



Scanned with CamScanner

2. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाएँ—**

i) माँ और दादी बच्चों को क्या सुनाती थीं? ✓ रामायण के किस्से

ii) नौकाएँ यात्रियों को कहाँ ले जाती थीं? ✓ रामेश्वरम से धनुषकोडि

iii) कलाम ने पिता जी से रामनाथपुरम जाने की अनुमति क्यों माँगी? ✓ आगे पढ़ाई करने के लिए

## व्याकरण-बोध

1. **विलोम शब्द लिखें—**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साधारण | × | ····असाधारण···· | धार्मिक | × | ····अधार्मिक···· | शिक्षित | × | ····अशिक्षित···· |
| सफल | × | ····असफल···· | योग्यता | × | ····अयोग्यता···· | निश्चित | × | ····अनिश्चित···· |

2. **'वाला' और 'वाली' प्रत्यय का प्रयोग करके शब्द बनाएँ—**

| | | 'वाला' | 'वाली' |
|---|---|---|---|
| चाय | संज्ञा | ····चायवाला···· | ····चायवाली···· |
| गाड़ी | | ····गाड़ीवाला···· | ····गाड़ीवाली···· |
| सफ़ेद | विशेषण | ····सफ़ेदवाला···· | ····सफ़ेदवाली···· |
| ऊँचा | | ····ऊँचावाला···· | ····ऊँचीवाली···· |
| पढ़ना | क्रिया | ····पढ़नेवाला···· | ····पढ़नेवाली···· |
| देना | | ····देनेवाला···· | ····देनेवाली···· |

3. **वाक्य शुद्ध करके लिखें—**

i) रामनाथपुरम में मुझे घर की बहुत याद आती थी।

ii) मैंने अपना लक्ष्य पाने के लिए कठोर परिश्रम किया।

iii) मेरे पिता ने लकड़ी की नौकाएँ बनाने का काम शुरू किया।

iv) मैंने पाँचवीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

4. **रिक्त स्थानों में उचित कारक-चिह्न लिखें—**

i) कलाम संयुक्त परिवार ····में···· रहते थे।

ii) रामेश्वरम शिव मंदिर ····के···· कारण प्रसिद्ध है।

iii) पिता जी भाइयों ····को···· मसजिद ले गए।

iv) पिता जी और शास्त्री जी धार्मिक विषयों ····पर···· चर्चा करते थे।

v) मैंने अपना लक्ष्य पाने ····के लिए···· कठोर परिश्रम किया।

vi) आगे की पढ़ाई के लिए रामेश्वरम ····से···· बाहर जाना आवश्यक था।

Scanned with CamScanner